प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 16.01.2025 को शहर में ट्रैफिक समस्याओं को लेकर मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ़ उत्तर प्रदेश द्वारा निम्न सुझाव श्री रमेश अवस्थी जी, माननीय संसद, कानपुर नगर द्वारा भेजे गए:

1. तात्कालिक सुधार

वर्तमान में टाटमिल चौराहा कानपुर नगर का व्यस्तम चौराहा है जिसके समीप झकरकट्टी बस अड्डा स्थापित है, फलस्वरूप बड़ी संख्या में दैनिक स्तर पर बसों का आवागमन चौराहे से होता है |

सुझाव:

१. झकरकट्टी बस अड्डे से लेकर टाटमिल चौराहे तक सम्पूर्ण मार्गो को पूर्णताः अतिक्रमण मुक्त कर बस अड्डे के सामने डिवाइडर को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता है |

२. स्वरुप नगर स्थित श्री राम पेट्रोल पंप के सामने डिवाइडर व्यवस्था को समाप्त कर दिया जाए |

३. पार्वती बागला रोड पर के.एफ.सी. रेस्टोरेंट के सामने टी पॉइंट पर डिवाइडर व्यवस्था को समाप्त कर दिया जाए |

४. टाटमिल चौराहे से घंटाघर की ओर आने वाले वाहनों के सुगम परिचालन हेतु डिवाइडर को पुनर्व्यवस्थित किया जाए |

५. शहर के सभी मुख्य मार्गो पर घने कोहरे को ध्यान में रखते हुए रिफ्लेक्टिंग पेंट की पट्टिया निर्धारित गुणवत्ता स्तर पर सुनिश्चित करने हेतु पुनः पेंट किया जाए |

६. वी.आई .पी रोड को सख्ती से ई-रिक्शा मुक्त किया जाए |

2. अल्पकालिक सुधार

समस्या: वाहनों हेतु सार्वजानिक पार्किंग व्यस्वथा की कमी के कारण मार्गो पर अव्यवस्थित रूप से वाहनों की पार्किंग होना

सुझाव :

१. कानपुर नगर सीमा क्षेत्र में एन.टी.सी. की 7 मिलो के बड़े भू भाग निष्प्रयोज्य पड़े है | सभी मिलो की मशीन एवं बिल्डिंग बिक चुकी है | वर्तमान में संपूर्ण भू-भाग पूर्णतः खाली एवं निष्प्रयोज्य पड़े है | शहर में आबादी एवं वाहनों की सँख्या के दबाव को देखते हुए सराहनीय होगा की तत्वरित तौर पर एन.टी.सी. की बंद पड़ी मिलो के खली भू-भागों को अविलंब सार्वजानिक पार्किंग हेतु खोल दिया जाए एवं भविष्य में जब कभी शासन स्तर पर इन मिलों के सम्बन्ध में कोई नीतिगत निर्णय लिया जाए तो ऐसी स्थिति में इन खाली भू-भागों का न्यूनतम 20 प्रतिशत अंश मल्टीलेवल सार्वजानिक पार्किंग हेतु आरक्षित कर दिया जाए तथा न्यूनतम 30 प्रतिशत अंश हरित क्षेत्र घोषित कर दिया जाए जिससे की कानपुर के वातावरण में प्रदूषण स्तर नियंत्रित रह सके |

२. कानपुर नगर के सबसे चौड़े 250 फीट मार्ग (टाटमिल-यशोदा नगर संपर्क मार्ग) के लगभग 4 किलोमीटर लम्बे मार्ग को आदर्श मार्ग (मॉडल रोड) घोषित कर देश के समृद्ध शहर सूरत की चौपाटी को दृष्टिगत रखते हुए आदर्श मार्ग के रूप में विकसित किया जाए |

3. दीर्घकालिक सुधार

समस्या: घंटाघर मालगोदाम एवं शहर के व्यवस्तम घंटाघर के आस पास स्थित व्यापारिक क्षेत्रों में यातायात जाम की दैनिक समस्या एवं घंटाघर से टाटमिल को जोड़ने वाले एक मात्र रेलवे सेतु की निर्धारित आयु का पूर्ण होना |

सुझाव:

१. घंटाघर से यशोदा नगर चौराहे पर एलिवेटेड कानपुर बाईपास (राष्ट्रीय राजमार्ग) तक एक नया फ्लाईओवर का निर्माण किया जाए |

२. झकरकट्टी बस अड्डे से आरम्भ होकर रतनलाल नगर तक सिचाईं विभाग की विलुप्त निचली गंगा नहर की ५ किलोमीटर लंबे क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कर एक्सप्रेस वे का निर्माण |